आईनॉक्स विंड का सार्वजनिक निर्गम 18 को

अहमदाबाद. @ पत्रिका गुजरात फ्लूरोकेमिकल्स लिमिटेड की सब्सिडियरी आईनॉक्स विंड लिमिटेड (कंपनी) ने 18 मार्च को 10 रुपए के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों को सार्वजनिक निर्गम में खोलने का प्रस्ताव किया है।

उक्त जानकारी गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में निदेशक दीपक आशर ने दी। उन्होंने बताया कि 7000 मिलियन रुपए के इक्विटी शेयर के फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल के अंतर्गत गुजरात फ्लूरोकेमिकल्स (बिक्रीकर्ता शेयर धारक) (ऑफर फॉर सेल) के 1 करोड़ इक्विटी शेयर्स शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रति इक्विटी शेयर प्राइस बैंड 315 से 325 रुपए के बीच तय सभी पात्र रिटेल इंडिविजुअल बिडर्स के लिए निर्गम मूल्य पर (प्रति इक्विटी शेयर) 15 रुपए की छूट है। उन्होंने बताया कि प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैंड 315 रुपए से 325 रुपए के बीच रखी गई है। यह इश्यू 20 मार्च 2015 को बंद होगा। न्यूनतम बिड लॉट 45 इक्विटी शेयरों का होगा और उसके बाद यह 45 इक्विटी शेयरों के गुणकों में होगा।